आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)
प्रादेशिक समाचार

1910 मंगलवार 19.03.2024

मुख्य समाचारः—

1— छत्तीसगढ़ में आम चुनाव के पहले चरण के तहत बस्तर लोकसभा क्षेत्र में निर्वाचन के लिए कल अधिसूचना जारी होने के साथ ही नामांकन भरने का सिलसिला शुरू हो जाएगा।

2— सुरक्षा बलों के साथ हुई मुठभेड़ में दंतेवाड़ा जिले में दो और छत्तीसगढ़—महाराष्ट्र के सीमावर्ती इलाके में चार माओवादी मारे गए।

3— पूर्व सैनिकों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा देने के लिए एम्स रायपुर और रक्षा मंत्रालय के बीच हुआ समझौता।

4— मौसम विभाग ने आगामी चौबीस घंटों के दौरान प्रदेश के अनेक स्थानों पर आकाशीय बिजली और ओले गिरने के साथ बारिश होने की चेतावनी दी।

लोकसभा चुनाव—नामांकन

छत्तीसगढ़ में आम चुनाव के पहले चरण के तहत बस्तर लोकसभा क्षेत्र में निर्वाचन के लिए कल बीस मार्च को अधिसूचना जारी होगी। इसी के साथ बस्तर सीट के लिए नामांकन पत्र भरने का सिलसिला शुरू हो जाएगा। सत्ताईस मार्च तक नामांकन भरे जा सकेंगे। अट्ठाईस मार्च को नामांकन पत्रों की जांच होगी। उम्मीदवार तीस मार्च तक नाम वापस ले सकेंगे। बस्तर लोकसभा क्षेत्र में पहले चरण में उन्नीस अप्रैल को मतदान होना है। गौरतलब है कि छत्तीसगढ़ की ग्यारह लोकसभा सीटों पर तीन चरणों में मतदान होगा।

राजनीतिक दल—प्रतिनिधि बैठक

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी रीना बाबासाहेब कंगाले ने प्रदेश के मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की बैठक ली। बैठक में उन्होंने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को आदर्श आचरण संहिता और निर्वाचन व्यय अनुवीक्षण के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय में आयोजित बैठक में लोकसभा चुनाव के लिए उम्मीदवारों द्वारा नामांकन पत्र दाखिल करने की प्रक्रिया के बारे में जानकारी दी गई। बैठक में बताया गया कि राज्य में मतदाता सूची के अंतिम प्रकाशन के बाद भी मतदाताओं के नाम जोड़ने की प्रक्रिया चल रही है। वहीं, लोकसभा चुनाव के लिए सभी मतदान केन्द्रों में मतदाता सहायता केन्द्र बनाए जाएंगे। इन केन्द्रों में बुजुर्गों और दिव्यांग मतदाताओं की सहायता के लिए मतदाता मित्र भी उपस्थित रहेंगे। भारत निर्वाचन आयोग के अनुसार पचासी वर्ष से अधिक आयु वाले बुजुर्ग और चालीस प्रतिशत या इससे अधिक दिव्यांग मतदाता डाक मतपत्र से वोटिंग कर सकेंगे।

इस बीच, गौरेला—पेण्ड्रा—मरवाही जिला प्रशासन ने भी आदर्श आचार संहिता का पालन करते हुए लंबित प्रकरणों का निराकरण करने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर और जिला निर्वाचन अधिकारी लीना कमलेश मंडावी ने बैठक लेकर अधिकारियों से कहा कि निर्वाचन कार्य सर्वोच्च प्राथमिकता का कार्य है, इस कार्य में लापरवाही बर्दास्त नहीं होगी। उन्होंने कहा कि चुनाव के दौरान सभी प्रकार के अवकाश प्रतिबंधित है। कोई भी अधिकारी—कर्मचारी उनकी अनुमति के बिना मुख्यालय नहीं छोड़ेंगे।

मतदाता जागरूकता कार्यक्रम

लोकसभा चुनाव के मद्देनजर प्रदेशभर में मतदाता जागरूता कार्यक्रम के तहत विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। इसी कड़ी में बिलासपुर जिले के बिल्हा विकासखंड स्थित भैंसबोड़ गांव की प्रेरणादायिनी संकुल संगठन और गारमेंट फैक्ट्री की दीदियां भी स्वीप कार्यक्रम में शामिल हुईं। ये महिलाएं मतदाता शपथ लेकर स्थानीय लोगों को भी मतदान के लिए जागरूक कर रही हैं।

उधर, मतदाता जागरूकता अभियान स्वीप के तहत कोंडागांव जिले में भी विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। गांव–गांव में मतदाताओं को जागरूक कर उन्हें अपने मताधिकार का इस्तेमाल करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। बिहान स्व–सहायता समूह की महिलाएं गांवों के सभी चौक–चौराहों और सार्वजनिक स्थलों पर मतदान की तिथि के साथ समय लिखकर लोगों तक मतदान का संदेश पहुंचा रही हैं। वहीं, स्व–सहायता समूह की दीदियां घर–घर जाकर लोगों को जागरूक भी कर रही हैं।

वहीं, कल जांजगीर के जिला शिक्षा और प्रशिक्षण संस्थान में मतदाता जागरूकता के लिए विकासखंड स्तरीय प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। इस स्पर्धा के चयनित प्रतिभागियों को सत्ताईस मार्च को आयोजित जिला स्तरीय क्विज प्रतियोगिता में भाग लेने का मौका मिलेगा।

उच्चतम न्यायालय–सीएए

सर्वोच्च न्यायालय ने नागरिकता संशोधन अधिनियम–सीएए को लागू करने पर रोक लगाने से मना कर दिया है। न्यायालय ने पिछले सप्ताह लागू हुए इस कानून को चुनौती देने वाली दो सौ सैंतीस याचिकाओं का जवाब देने के लिए केंद्र सरकार को तीन सप्ताह का समय दिया है।

मुख्य न्यायाधीश डी.वाई चंद्रचूड, न्यायाधीश जे.बी. पारदीवाला और न्यायाधीश मनोज मिश्रा ने मामले की सुनवाई की। इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग, कांग्रेस के जयराम रमेश और तृणमूल कांग्रेस की महुआ मोइत्रा सहित कई लोगों ने इस मामले में याचिकाएं दायर की हैं। मामले की अगली सुनवाई नौ अप्रैल को होगी।

अशोक कुमार लाल–सदस्य सचिव

राज्य सरकार ने छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय के अतिरिक्त जिला और सत्र न्यायाधीश अशोक कुमार लाल को प्रतिनियुक्ति पर राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण का सदस्य सचिव नियुक्त किया है। उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति रमेश सिन्हा की अनुशंसा पर न्यायाधीश श्री लाल की सेवाएं छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय से वापस ले ली गई है। इस संबंध में विधि और विधायी कार्य विभाग की ओर से आदेश जारी कर दिया गया है।

माओवादी मुठभेड़

दंतेवाड़ा जिले के किरंदुल थाना क्षेत्र में सुरक्षा बलों के साथ हुई मुठभेड़ में एक महिला सहित दो माओवादी मारे गए हैं। घटनास्थल से हथियार और विस्फोटक सामग्री बरामद की गई है। मिली जानकारी के मुताबिक दंतेवाड़ा–बीजापुर जिले के सीमावर्ती इलाके से लगे पुरंगेल–गमपुर के जंगल में माओवादियों के एकत्र होने की सूचना मिली थी। इसके बाद डी. आर.जी., बस्तर फाइटर्स और सी.आर.पी.एफ. की संयुक्त टीम रवाना की गई। इस दौरान सुरक्षा बलों और माओवादियों के बीच मुठभेड़ हुई, जिसमें दो माओवादी मारे गए, जिनका शव बरामद कर लिया गया है। सुरक्षा बलों ने दावा किया है कि इस मुठभेड़ में कई अन्य माओवादी घायल हुए हैं। इलाके में सर्चिंग अभियान जारी है।

उधर, छत्तीसगढ़–महाराष्ट्र के सीमावर्ती इलाके में सुरक्षा बलों के साथ हुई मुठभेड़ में चार माओवादी मारे गए हैं। इन माओवादियों पर छत्तीस लाख रूपये का इनाम घोषित किया गया था। सी–सिक्सटी कमांडो और माओवादियों के बीच यह मुठभेड़ आज सुबह महाराष्ट्र के गढ़चिरौली जिले के कोलामारका के जंगल में हुई। मौके से सुरक्षा बलों ने एके–फोर्टी सेवन, एक कारवाइन, दो देशी हथियार, जिंदा कारतूस, माओवादी साहित्य और अन्य विस्फोटक सामान बरामद किए हैं।

एम्स/रक्षा मंत्रालय–एमओयू

पूर्व सैनिकों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा देने के लिए रायपुर स्थित अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान–एम्स और पूर्व सैनिक अंशदायी स्वास्थ्य योजना, रक्षा मंत्रालय के बीच आज एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। यह समझौता होने से राज्य में रहने वाले करीब तीस हजार पूर्व सैनिकों और उनके परिजनों को एम्स में इलाज कराने की सुविधा मिल सकेगी। साथ ही माओवाद प्रभावित क्षेत्रों में सीआरपीएफ सहित अन्य बटालियन के सैनिकों को भी यह सुविधा दी जाएगी।

इस मौके पर एम्स रायपुर में आयोजित कार्यक्रम में लेफ्टिनेंट जनरल पद्म सिंह शेखावत और एम्स रायपुर के कार्यकारी निदेशक अशोक कुमार जिंदल मौजूद थे।

हादसा

दुर्ग के गंज पारा में आज सुबह कपड़ा सुखाते समय करंट की चपेट में आने से दो लोगों की मौत हो गई। बताया जाता है कि एक महिला कपड़े सूखा रही थी। इसी दौरान वह करंट की चपेट में आ गई। उसे बचाने की कोशिश में महिला के ससुर को भी करंट लग गया, जिससे दोनों की मौके पर ही मौत हो गई।

वहीं, रायगढ़ जिले के तमनार थाना क्षेत्र में कल शाम ट्रैक्टर पलटने से इसके नीचे दबकर दो लोगों की मौत हो गई। यह घटना रेगांव–सलिहाभांठा रोड के पास खेत मे जोताई के दौरान हुई।

इसी तरह, जांजगीर–चांपा जिले के बलौदा क्षेत्र स्थित हरदीबाजार रोड में अज्ञात ट्रेलर ने मोटरसाइकिल सवार तीन युवकों को टक्कर मार दी। इस हादसे में एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि, दो अन्य युवक गंभीर रूप से घायल हो गए हैं।

फागुन मेला–खोर खुंदनी

दंतेवाड़ा के प्रसिद्ध ऐतिहासिक फागुन मेला मड़ई में आज चौथे दिन ''नाच मांडनी'' की रस्म अदा की गई। इससे पहले, कल तीसरे दिन माईजी की तृतीय पालकी निकाली गई। साथ ही ''खोर खुंदनी'' की रस्म अदा करते हुए तेलगा, कुम्हार और सेठिया जाति के लोगों ने ''बाजा मोहरी'' की गूंज पर परंपरागत नृत्य किया।

मौसम

मौसम विभाग ने आगामी चौबीस घंटों के दौरान प्रदेश के अनेक स्थानों पर आकाशीय बिजली और ओले गिरने के साथ बारिश होने की चेतावनी दी है। इस दौरान राज्य के उत्तरी इलाके के अनेक जिलों में तेज अंधड़ चल सकता है। वहीं, बिलासपुर, कोरबा, रायगढ़, गरियाबंद और महासमुंद जिले में भी मध्यम से भारी बारिश होने की संभावना है।

बीते दो दिनों से राज्य के अनेक इलाकों में तेज से मध्यम बारिश होने के समाचार मिले हैं। इस दौरान कई जगहों पर अंधड़ चला और ओले भी गिरे। कल और आज राजधानी रायपुर में भी तेज हवाओं के साथ बारिश हुई है। मौसम विभाग के मुताबिक इक्कीस मार्च से राज्य के अधिकतम तापमान में एक बार फिर से बढ़ोत्तरी होने की संभावना है।

इस बीच, खबर मिली है कि जांजगीर–चांपा के बुचीहरदी गांव में एक घर में आकाशीय बिजली गिरने से एक बच्चा सहित तीन लोग घायल हो गए हैं। घायलों को इलाज के लिए बलौदा के अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

<u>संक्षिप्त समाचार</u>

– भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश सह–प्रभारी नितिन नबीन आज रायपुर दौरे पर हैं। वे इस समय कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में चुनाव प्रबंधन समिति की बैठक ले रहे हैं।

– अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के संयुक्त सचिव और सह प्रभारी विजय जांगिड़ आज से छत्तीसगढ़ के दो दिवसीय दौरे पर रहेंगे। आज रात वे नई दिल्ली से रायपुर पहुचेंगे। इसके बाद कल श्री जांगिड़ धमतरी में जिला स्तरीय कार्यकर्ता बैठक में भाग लेंगे।

– दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के डोंगरगढ़ के पास बोरतलाव गांव का रेलवे फाटक इक्कीस मार्च से यातायात के लिए बंद कर दिया जाएगा। इस दिन से लोग नवनिर्मित फ्लाईओवर का इस्तेमाल आवाजाही के लिए कर सकेंगे।

– बिलासपुर जिला अस्पताल का कलेक्टर अवनीश शरण ने औचक निरीक्षण किया, तो यहां पदस्थ तीस से अट्ठाईस डॉक्टर अनुपस्थित मिले। जिला कलेक्टर ने सभी अनुपस्थित डॉक्टरों का एक दिन का वेतन काटने के निर्देश दिए हैं।

– रायपुर स्थित शासकीय आयुर्वेद महाविद्यालय में आज सत्रह सौ से अधिक बच्चों को स्वर्णप्राशन कराया गया। इस मौके पर बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण भी किया गया।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>